फटाफट खबरें

स्टालिन को हराने वाले VS बाबू नहीं रहे



■ **पीटीआई, चेन्नै:** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में DMK प्रमुख एमके स्टालिन को हराकर बड़ा उलटफेर करने वाले सत्तारूढ़ TVK के विधायक **वीएस बाबू** का गुरुवार को निधन हो गया। वह 75 साल के थे। इलाज के दौरान उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई। गुरुवार दोपहर 2:24 बजे दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया।

बाल ठाकरे की तस्वीर फाड़ी, माफी मांगी



■ **पीटीआई, मुंबई:** शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे की तस्वीर वाला कागज फाड़ने पर विवाद बढ़ने के बाद शाइना एनसी ने गुरुवार को माफी मांग ली। उन्होंने कहा कि वह दिल से माफी मांगती हैं। बुधवार को सोनिया गांधी की किताब में वीर सावरकर को लेकर की गई टिप्पणियों के विरोध में शिवसेना नेताओं ने किताब के पन्ने फाड़े थे। इसी दौरान शाइना ने गलती से बाल ठाकरे की तस्वीर वाला पन्ना भी फाड़ दिया था।

गोरखपुर में एसपी के रोड शो में बच्चे की मौत पर आरोप-प्रत्यारोप

गुंडों को ढूंढकर सज़ा दिलाएंगे: योगी राजनीति न करें, जांच हो: अखिलेश

■ **NBT न्यूज, गोरखपुर**

गोरखपुर में समाजवादी पार्टी (एसपी) के रोड शो में शामिल जेसीबी से हुई बच्चे की मौत पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एसपी पर निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अराजकता फैलाने वाले उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गुंडों को ऐसी सजा दिलाएंगे, जिसे उनकी आने वाली पीढ़ियां भी याद रखें। वहीं, एसपी प्रमुख अखिलेश यादव ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने X पर घटना का विडियो साझा करते हुए कहा कि बगैर किसी सबूत के आरोप लगाना निंदनीय है।

बच्चे के पिता बीजेपी कार्यकर्ता, योगी उनसे मिलने पहुंचे

योगी ने बीजेपी के चुनाव आयोग संपर्क विभाग के जिला सह संयोजक ओंकार सिंह के आवास पर जाकर उनके दिवंगत पुत्र 14 साल के आर्यवर्धन सिंह को श्रद्धांजलि दी। योगी ने ओंकार सिंह से कहा कि इस निर्मम कृत्य को करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि एसपी के गुंडों ने मासूम आर्यवर्धन की निर्मम हत्या की है। हर उस गुंडे के



PTI

गोरखपुर में हुए कार्यक्रम में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने एसपी को घेरा

खिलाफ कार्रवाई होगी, जिसने यहां पर अराजकता पैदा करके भय का माहौल पैदा करने का प्रयास किया है।

'प्रदेश की सड़कें अराजकता के लिए नहीं बनीं': योगी ने कहा कि जिन गुंडों ने सड़कों पर अराजकता फैलाई, अधिकारियों को उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा है। प्रशासन से कहा है कि गुंडों को ढूंढ निकालो और ऐसी सजा मिलनी चाहिए कि कई पीढ़ियां याद रख सकें। सीएम योगी ने कहा, 'प्रदेश की सड़कें आम जनमानस के सुगम आवागमन के लिए बनी हैं, न कि सपा और कांग्रेस के गुंडों की अराजकता के लिए। अगर किसी ने दोबारा माफियागिरी दिखाने का दुस्साहस किया, तो उसे भी मिट्टी में मिलाने में देर नहीं लगेगी।'

'इस मसले पर राजनीति ठीक नहीं'

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** अखिलेश यादव ने कहा कि किसी मासूम की हादसे में हुई मृत्यु से हम सब आहत हैं और परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हैं। अपने लोगों से उस परिवार से मिलकर उनकी हर संभव सहायता करने के लिए कह चुके हैं। इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे पर राजनीति करने वाले लोग याद रखें कि उन्होंने लखनऊ अग्निकांड में युवा मृतक की दुखी मां के साथ कैसा दुर्व्यवहार करते हुए उन्हें धमकी दी थी।

66 लोगों पर FIR

बीजेपी नेता के 14 साल के बेटे की मौत के मामले में पुलिस ने 6 नामजद लोगों समेत 60 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया है। एम्स थाने में बच्चे के पिता की शिकायत पर मारने का आरोप है। आरोप है कि एसपी के रोड शो के दौरान तेज गति और खतरनाक तरीके से जेसीबी चलाकर उनके बेटे को कुचल दिया, फिर आरोपी भाग गए।

'इंदिरा से मुलाकात को तैयार नहीं थीं सोनिया'

■ **पीटीआई, नई दिल्ली**

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर गुरुवार को सोनिया गांधी ने उनसे जुड़ी कई निजी यादें साझा कीं। उन्होंने बताया कि जब पहली बार इंदिरा गांधी से मिलने का मौका आया तो वह इतनी घबरा गई थीं कि मिलने से इनकार कर दिया था। हालांकि, अगले दिन वह उनसे मिलने पहुंचीं। उस समय सोनिया को अंग्रेजी ठीक से नहीं आती थी। यह समझकर इंदिरा गांधी ने उनसे फ्रेंच में बातचीत की, ताकि उन्हें परेशानी न हो। सोनिया गांधी ने सोशल मीडिया पर एक विडियो साझा किया, जिसमें वह अपनी बेटी प्रियंका गांधी और नातिन मिराया वाड्रा के साथ इंदिरा गांधी को याद कर रही हैं।

वहीं, मोजाम्बिक की प्रख्यात मानवाधिकार कार्यकर्ता ग्रासा माशेल को वर्ष 2025 के प्रतिष्ठित इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण एवं विकास पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गुरुवार को सोनिया गांधी ने यह पुरस्कार दिया।



PTI

मानवाधिकार कार्यकर्ता ग्रासा माशेल को सोनिया ने किया सम्मानित।

VISIT

IMTEX 2027

International Machine Tool & Manufacturing Technology Exhibition

Concurrent Shows

ToolTech 2027

International Exhibition of Cutting Tools, Tooling Systems, Machine Tool Accessories, Metrology & CAD / CAM

DIGITAL MANUFACTURING

International Exhibition on Digital Manufacturing Technology

Largest Machine Tool and Manufacturing Technology Show in South and South-East Asia

21 - 27 January 2027 : BIEC, Bengaluru



Scaling new heights in manufacturing

8 Exhibition Halls

85,000 Sqm. Exhibition Area

1,300+ Exhibitors

8 Country Group Pavilions

Explore technologies from 24 Countries

International Seminar on Machining Technologies 22 - 23 Jan 2027

Product Launches & Live Demonstrations

Industry Awards

Register Now

Organiser: Indian Machine Tool Manufacturers' Association

Venue: BIEC Bangalore International Exhibition Centre

ufi Approved International Event

follow us on

www.imtex.in

आज़म के खिलाफ ED की अर्ज़ी खारिज, SC ने कहा- ये अंतरिम ज़मानत, दखल नहीं देंगे

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उनकी अंतरिम जमानत बरकरार रखते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि यह अंतरिम आदेश है और इसमें दखल देने की जरूरत नहीं है।

जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने ईडी की याचिका खारिज करते हुए कहा, 'चूंकि यह अंतरिम आदेश है, इसलिए हम इसमें दखल देने के इच्छुक नहीं हैं। हाई कोर्ट ने जो राय जताई है, वह शुरुआती है और मामले का अंतिम फैसला करते समय उसका कोई असर नहीं होना चाहिए।'



एसपी के वरिष्ठ नेता आजम खान

कोर्ट ने यह भी कहा कि आजम खान को फिलहाल अंतरिम जमानत मिली है। ऐसे में हाई कोर्ट के आदेश में दखल देने या उसकी मंशा पर सवाल उठाने की जरूरत नहीं है।

इससे पहले बुधवार को भी सुप्रीम कोर्ट ने आजम खान की अंतरिम जमानत पर रोक लगाने से इनकार किया था।

'हमारे यहां हैदराबादी बिरयानी पसंद नहीं'

आजम खान ने उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि इस बार चुनाव नहीं होगा, इंकलाब होगा। बुधवार देर रात रामपुर पहुंचने पर उन्होंने कहा कि अब लोग धर्म और जाति के नाम पर नहीं, बल्कि मुद्दों पर लड़ेंगे। अदालत के फैसले से मेरा यह विश्वास और मजबूत हुआ है कि देश तो आजाद है, लेकिन संविधान कैद में है। आजम ने असदुद्दीन ओवैसी पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि हमारे इलाके में हैदराबादी बिरयानी पसंद नहीं की जाती है।

US में राहुल बोले, भारत का लोकतंत्र पवित्र है



PTI

शिकागो यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स के बीच पहुंचे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष

■ **पीटीआई, नई दिल्ली/शिकागो**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारतीय लोकतंत्र को पवित्र बताते हुए कहा है कि विपक्ष चुनावों का बहिष्कार नहीं करेगा। ऐसा करने से भारत में लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। अमेरिका की शिकागो यूनिवर्सिटी में बुधवार को छात्रों से बातचीत के दौरान राहुल ने एक बार फिर वोट चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष की रणनीति चुनावी व्यवस्था में कथित गड़बड़ियों को उजागर करते रहने की है। BJP ने राहुल पर विदेश में भारत की छवि खराब करने का आरोप लगाया। राहुल ने कहा कि हम लोकतंत्र के ढांचे को तोड़ना नहीं चाहते।

राहुल ने ईरान संकट को लेकर केंद्र सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने X पर लिखा कि पाकिस्तान अमेरिका और ईरान से बातचीत कर रहा है, जबकि भारत सिर्फ देख रहा है। भारत हमेशा स्वतंत्र विदेश नीति अपनाता रहा है, लेकिन अब वैश्विक मंच पर उसकी भूमिका सीमित हो गई है।

लोकतंत्र पर भरोसा, प्रक्रिया पर सवाल

राहुल गांधी ने चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। लोकतंत्र पर उनका भरोसा बना हुआ है। विपक्ष के लिए चुनाव सिर्फ सत्ता का रास्ता नहीं, बल्कि अपनी आवाज बनाए रखने का जरिया भी है। विपक्ष के कथित चुनावी गड़बड़ियों संबंधी आरोपों पर 100, 200 या 300 प्रतिशत सबूत की बात करने का अर्थ है कि राहुल ने बहुत सधा हुआ बयान दिया है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

BJP ने कहा- विदेश में भारत को बदनाम कर रहे राहुल: केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने पूछा कि अगर देश में लोकतंत्र नहीं है, तो विपक्ष प्रदर्शन और सरकार की आलोचना कैसे कर पा रहा है? BJP अध्यक्ष नितिन नवीन ने भी उन पर संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने का आरोप लगाया।

पंजाब में PCS की भर्ती पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक

■ **NBT रिपोर्ट**

पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने गुरुवार को पंजाब सिविल सेवा (PCS) की भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी। यह फैसला भर्ती में कथित गड़बड़ियों को लेकर उम्मीदवारों की ओर से दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान आया। पंजाब लोक सेवा आयोग ने अप्रैल 2026 में परीक्षा कराई थी। चार नवंबर को घोषित नतीजों में 331 पदों के लिए 751 उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए चुना गया था। अब भर्ती की आगे की प्रक्रिया रुक गई है। मामले की अगली सुनवाई 16 दिसंबर को होगी।

चयन प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप, 16 को सुनवाई

TOI के मुताबिक, जस्टिस संदीप मौदगिल की अदालत में उम्मीदवारों ने आरोप लगाया कि भर्ती के दौरान नियमों में बदलाव किए गए। कई उम्मीदवारों को एक से ज्यादा आवेदन करने और अलग-अलग रोल नंबर हासिल करने की अनुमति दी गई। याचिकाकर्ताओं के मुताबिक, चयनित उम्मीदवारों की सूची में लगातार क्रम वाले रोल नंबर बड़ी संख्या में मिले हैं।

'पंजाब सरकार की भूमिका पर सवाल'

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** बीजेपी ने 4 नवंबर को घोषित पंजाब लोक सेवा आयोग के नतीजों के मामले में आम आदमी पार्टी सरकार पर चयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पंजाब लोक सेवा आयोग के नतीजों से साफ दिखाई देता है कि इसमें एक नहीं, बहुआयामी भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। बीजेपी ने एक ही परीक्षा केंद्र और कमरों से असामान्य संख्या में उम्मीदवारों का चयन, नामों के बजाए केवल रोल नंबर जारी करना और परीक्षा नियमों में बदलाव पर भी सवाल उठाए।

कांग्रेस ने 81 सचिवों की सूची जारी की

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** कांग्रेस ने अपने संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए 81 AICC सचिवों की नई सूची जारी की है। नई सूची में प्रणव झा को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के कार्यालय की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं उत्तर प्रदेश को 6 सचिव मिले हैं। इनमें अभिषेक दत्त, वरुण चौधरी, कुणाल चौधरी, जगदीश चंदर जांगिड़, अब्दुल हन्नान और संजीव आर्य शामिल हैं। राजस्थान में विश्व विजय सिंह, पोरलाक खारते, डॉ. पलक वर्मा और मनोज बागड़ी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। गुजरात में रामकिशन ओझा, सुभाषिनी यादव, हेम सिंह शेखावत और नरेश ठाकुर को सचिव बनाया गया है। प्रणव झा और गौरव पांधी को कांग्रेस अध्यक्ष के कार्यालय से जुड़ी जिम्मेदारी दी गई है। डॉ. विनीत पुनिया और रुचिरा चतुर्वेदी को कम्युनिकेशन, पब्लिसिटी, मीडिया, सोशल और डिजिटल मीडिया का काम सौंपा गया है।

'मोइली के बयान से कांग्रेस की पोल खुली'

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** BJP ने गुरुवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने गुजरात में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को झूठे मामलों में फंसाने की साजिश रची थी। पार्टी ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री एम. वीरप्पा मोइली के बयान से साफ हो गया है कि मोदी और शाह के खिलाफ लगाए गए आरोप राजनीति से प्रेरित थे। BJP प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस का नकाब पूरी तरह उतर चुका है। दरअसल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोइली ने मंगलवार को दावा किया था कि यूपीए सरकार के दौरान कांग्रेस के ही कुछ नेताओं ने मोदी के खिलाफ जांच रुकवा दी थी।



वीरप्पा मोइली

दिल्ली छावनी परिषद
निविदा सूचना

दिल्ली छावनी परिषद पात्र और अनुभवी ठेकेदारों से ई-निविदा के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है, जैसा कि नीचे विस्तृत है:

ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा जारी करने की तिथि	:	27.11.2026 को 1700 बजे
निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने की अंतिम तिथि और समय	:	22.12.2026 तक 1300 बजे
ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय	:	22.12.2026 तक 1300 बजे
ई-निविदा खोलने की तिथि और समय	:	23.12.2026 को 1330 बजे

कार्य का विवरण:

क्रम संख्या	कार्य का नाम	अनुबंध की राशि	बयाना जमा राशि
1.	08 टाइप-II स्टाफ क्वार्टर का निर्माण, प्लॉट संख्या 203/5, सदर बाजार, दिल्ली कैंट में।	रु. 2,61,13,430/-	रु. 3,36,134/-
2.	08 टाइप-III स्टाफ क्वार्टर का निर्माण, छावनी बोर्ड कार्यालय के सामने, सदर बाजार, दिल्ली कैंट।	रु. 2,90,62,611/-	रु. 3,65,626/-
3.	08 टाइप-IV स्टाफ क्वार्टर का निर्माण, छावनी बोर्ड कार्यालय के सामने, सदर बाजार, दिल्ली कैंट।	रु. 4,14,38,334/-	रु. 4,89,383/-
4.	डॉक्टरों, अस्पताल और अन्य कर्मचारियों के लिए 06 टाइप-V स्टाफ क्वार्टर का निर्माण, छावनी बोर्ड कार्यालय के सामने, सदर बाजार, दिल्ली कैंट।	रु. 3,93,24,973	रु. 4,68,250/-

बोलीदाता "निविदा दस्तावेज" और अन्य लागू नियमों और शर्तों को डाउनलोड कर सकते हैं, जिसमें विस्तृत एनआईटी (NIT), नियम और शर्तें, विशेष विनिर्देश, विशेष शर्तें, सत्यनिष्ठा समझौते पर हस्ताक्षर, जीएफआर 2017 (GFR 2017) प्रावधानों का पालन, सार्वजनिक खरीद (मेक इन इंडिया को वरीयता), आदेश 2017 आदि शामिल हैं, जैसा कि तकनीकी बोली में वेबसाइट https://defproc.gov.in और https://delhi.cantt.gov.in से प्रदान किया गया है।

कृपया ध्यान दें कि निविदा दस्तावेजों में कोई भी संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र वेबसाइट https://defproc.gov.in और छावनी बोर्ड की वेबसाइट https://delhi.cantt.gov.in पर अपलोड किया जाएगा। सभी इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी दरों को उद्धृत करने से पहले संशोधनों, स्पष्टीकरणों, शुद्धिपत्रों आदि की जांच के लिए उपर्युक्त वेबसाइटों पर जाने की आवश्यकता है, और इसे पंजीकृत करने में विफलता के लिए बोलीदाताओं को किसी भी प्रकार का कोई मुआवजा स्वीकार्य नहीं होगा।

टेलीफोन नंबर 25695450
सं. DCB/8/C-1/TN/2026-27/17
छावनी परिषद का कार्यालय
वेबसाइट: https://delhi.cantt.gov.in

हस्ता./-
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
दिल्ली छावनी

पंजाब नैशनल बैंक ..... भरोसे का प्रतीक
punjab national bank ...the name you can BANK upon!
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा दक्षिण दिल्ली
4वां तल, 7, भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली–110066 ईमेल: cs4168@pnb.bank.in

अचल/चल सम्पत्तियों की ई–नीलामी हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल/चल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस,
आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सुरक्षित लेनदार के पास बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित अचल/चल संपत्तियां, जिनका रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक/सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, की बिक्री नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को "जहाँ है जैसा है", "जो है जैसा है", तथा "जो कुछ भी वहाँ है" के आधार पर संबंधित उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) से बैंक/सुरक्षित लेनदार के बकाये की वसूली के लिए की जाएगी। आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि (ईएमडी) संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दी गई तालिका में दर्शानुसार होगी।

प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों की बिक्री की अनुसूची

क्र. सं.	शाखा का नाम: / खाते का नाम: / उधारकर्ता/गारंटर/ खाते का नाम और पता:	बंधक रखी गई अचल/चल संपत्ति का विवरण/ मालिक का नाम (संपत्तियों का बंधककर्ता)	(A) सरफासी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना की तिथि (B) बकाया राशि (C) सरफासी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अंतर्गत कब्जा की तिथि (D) कब्जा की स्थिति सांकेतिक/ भौतिक/रचनात्मक	(A) आरक्षित मूल्य / (B) ईएमडी / (C) बोली वृद्धि राशि	नीलामी की तिथि एवं समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात एन्कम्ब्रेन्स का विवरण	प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं नं.
1.	(पूर्व में ए–ब्लॉक, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली) मैसर्स मनेरी आइसक्रीम (उधारकर्ता) ई–94, जीएफ, ग्रेटर कैलाश–1, नई दिल्ली–110048 मेसर्स मनेरी आइसक्रीम, प्लॉट नंबर–42, औद्योगिक क्षेत्र फूड पार्क, मनेरी जिला मंडला (एमपी)– 481885 सुश्री अनामिका मित्तल, (मालिक) एच नंबर– ई–94, जीएफ, ग्रेटर कैलाश–1, नई दिल्ली–110048	साम्यिक बंधक/पंजीकृत बंधक परियोजना भूमि एवं भवन पर, क्षेत्रफल 3300 वर्ग मीटर, प्लॉट सं. 42, फूड पार्क–मंडला, मनेरी, जिला मंडला में स्थित (मेसर्स मनेरी आइसक्रीम के नाम पर एक नामित फूड पार्क जबलपुर, मध्य प्रदेश, उपरोक्त इकाई में प्लांट एवं मशीनरी के साथ संपत्ती आईडी PUNBABA37922768 अक्षांश: 23.100513 देशांतर: 80.208999	A) 09.05.2022 B) Rs. 544.47 लाख + ब्याज + प्रभार इत्यादि C) 14.12.2022 D) भौतिक	A) रु. 303.41 लाख B) रु. 30.35 लाख ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 10.12.2026 C) रु. 1,00,000	11.12.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अर्पाह्न 04.00 बजे	संपत्ति की बिक्री पर कोई एसए लंबित/रोक नहीं है	श्री ओ.पी. भालोटिया 9453035426
2.	शाखा: महरौली रोड, हौज खास (309300) मैसर्स जैन ग्रह उद्योग प्राइवेट लिमिटेड खाता संख्या 3093009000000174 पता:– मैसर्स. जैन ग्रह उद्योग प्राइवेट लिमिटेड, ए–320 तीसरी मंजिल, अंसल चौंबर–1, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–110066 इसके अलावा: मैसर्स. जैन गृह उद्योग प्राइवेट लिमिटेड, 39 मिशन कंपाउंड रोड, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश–274001, इसके अलावा: मैसर्स जैन गृह उद्योग प्राइवेट लिमिटेड, 144, पहली मंजिल, अंसल चौंबर–2, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–110066, इसके अलावा: श्री रूपक कुमार (निदेशक और गारंटर), मकान संख्या 924, फ्लैट संख्या 204, दूसरी मंजिल, ब्लॉक–सी–2, पालम विहार, वीटीसी–चोमा (62), गुरुग्राम–122017, हरियाणा, इसके अलावा: श्री विक्रांत शर्मा (निदेशक और गारंटर), ई–1408, मणि की ताल के पास, एनआईटी फरीदाबाद, डबुआ कॉलोनी, फरीदाबाद–121001, हरियाणा, इसके अलावा: श्री अश्विनी कुमार मलिक, सी–63, पहली मंजिल, फ्रेंड्स कॉलोनी ईस्ट, नई दिल्ली–110065 (गारंटर), 6. सुश्री पूजा, निवासी 1728 एम ब्लॉक, गली संख्या–7, विजय एन्क्लेव, डबरी, दक्षिण पश्चिम, दिल्ली–110045 (गारंटर), इसके अलावा: सुश्री प्रेक्षा जैन, 39 मिशन कंपाउंड, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश–247001 (गारंटर)।	वाणिज्यिक इकाई संख्या C –G-05, भूतल पर स्थित, सुपर एरिया 6754 वर्ग फुट (627.46 वर्ग मीटर), "अर्बन स्क्वायर" नामक वाणिज्यिक भवन में, जो गांव घाटा, सेक्टर–62, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, गुरुग्राम, हरियाणा में स्थित है जो अश्विनी कुमार मलिक के नाम पर है। प्रॉपर्टी आईडी: PUNBXJA62563448 अक्षांश : 28.245146 देशांतर : 77.51702	A) 14.05.2026 B) रू. 7.70 करोड़ C) 22.07.2026 D) सांकेतिक	A) रु. 08.50 करोड़ B) रु. 0.85 करोड़ ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 10.12.2026 C) रु. 5.00 लाख	11.12.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अर्पाह्न 04.00 बजे	एक एसए लंबित है, लेकिन संपत्ती की बिक्री पर कोई रोक नहीं है।	श्री ओ.पी. भालोटिया 9453035426
3.	पूर्व में: शाखा में: ए–ब्लॉक, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली) मैसर्स अंजनी एंटरप्राइजेज, बीबी–17, बेसमेंट, ग्रेटर कैलाश एन्क्लेव– I I, नई दिल्ली–110048। मैसर्स अंजनी एंटरप्राइजेज, खाता नंबर 2, खसरा नंबर 322, ग्राम बंदीपुर, परगना जलालाबाद, मोदी नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश। सुश्री अंजनी मित्तल (प्रोपराइटर), बीबी–17, बेसमेंट, ग्रेटर कैलाश एन्क्लेव– I I, नई दिल्ली–110048।	खाता संख्या 2, खसरा संख्या 322, गाँव बांदीपुर, परगना जलालाबाद, मोदी नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थापित प्लांट और मशीनरी तथा अन्य स्थायी संपत्तियां, जो मैसर्स अंजनी एंटरप्राइजेज के नाम पर हैं।	A) 13.06.2022 B) Rs. 158.55 लाख + ब्याज + प्रभार इत्यादि C) 24.01.2024 D) सांकेतिक	A) रु. 21.97 करोड़ B) रु. 2.20 करोड़ ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 23.12.2026 C) रु. 10,000/-	24.12.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अर्पाह्न 04.00 बजे	संपत्ति की बिक्री पर कोई एसए लंबित/रोक नहीं है	श्री ओ.पी. भालोटिया 9453035426

ई–नीलामी बिक्री के संक्षिप्त नियम एवं शर्तें: बिक्री, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 में वर्णित नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी। 1. नीलामी बिक्री "ई–नीलामी" पोर्टल https://baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन होगी। (2) ई–नीलामी के लिए प्लेटफॉर्म (https://baanknet.com) ई–नीलामी सेवा प्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय यूनिट 1, तीसरी मंजिल, VIOS कमर्शियल टॉवर, वडाला ट्रक टर्मिनल के पास, वडाला ईस्ट मुंबई–400037 (हेल्पडेस्क नं. 91 8291220220, द्वारा प्रदान किया जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को ई–नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाइट https://baanknet.com पर ई–नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना आवश्यक है। यह सेवा प्रदाता पोर्टल पर ई–नीलामी पर ऑनलाइन प्रदर्शन/प्रशिक्षण भी प्रदान करेगा। (3) बिक्री की सामान्य शर्तों और नियमों से युक्त बिक्री नोटिस निम्नलिखित वेबसाइटों/वेब पेज पोर्टल (1) https://baanknet.com (2) www.pnbindia.in पर उपलब्ध/प्रकाशित है। (4) सफल बोलीदाता द्वारा बैंक को बिक्री प्रतिफल का भुगतान आयकर अधिनियम 1961 की धारा 194–1ए के अंतर्गत टीडीएस के अधीन होगा तथा सफल बोलीदाता द्वारा बोली राशि का शेष 75% जमा करने/बोली राशि की पूर्ण जमा करने के समय ही टीडीएस का भुगतान किया जाना है। (5) संपत्तियों को "जहां है जैसी है" और "जो है जैसी है" तथा "जो भी है जैसी है" के आधार पर बेचा जा रहा है। (6) उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। (7) सरफेसी अधिनियम की धारा 13(8) के तहत नोटिस, और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के साथ सभी मामलों में जारी किया गया है (8) बिक्री की विस्तृत शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com & www.pnbindia.in देखें।

दिनांक : 19.11.2026, स्थान : नई दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक